# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा

संख्या-15

द्वितीय सत्र(बजट)

मंगलवार, दिनांक-24 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.35 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1. प्रश्न काल:-

(आज दिनांक- 24.03.2015 को जमीन मुआवजे की राशि बिचौलियों द्वारा धोखाधड़ी कर निकाल लिये जाने सम्बन्धी प्रकाशित समाचार की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, सर्वश्री जगरनाथ महतो, स्टीफन मराण्डी, नलिन सोरेन, रबीन्द्रनाथ महतो, ईरफान अंसारी, राजकुमार यादव, आलमगीर आलम, कुणाल षडंगी एवं श्री दशरथ गागराई सहित कतिपय माननीय सदस्यों ने आकृष्ट किया और जाँच की माँग की।)

(शोरगुल)

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-21

(i) उत्तरित कुल-06- अ०सू०-184, श्री प्रकाश राम, स० वि० स०,
अ०सू०-185, श्री कुशवाहा शिवजपूजन मेहता, स० वि० स०,
अ०सू०-186, श्री शशिभूषण सामाड़, स० वि० स०,
अ०सू०-188, श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०,
अ०सू०-189, श्री नारायण दास, स० वि० स०,
अ०सू०-190, श्री बिरंची नारायण, स० वि० स०।

(ii) अपृष्ठ मात्र-01 अ०सू०-187, श्री रामचन्द्र सहिस, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-14-अ० सू०-191 से अ० सू० 204 तक।

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-37

(i) उत्तरित कुल-07-तारांकित-626, श्री नागेन्द्र महतो, स० वि० स०,
तारांकित-627, डॉ० ईरफान अंसारी, स० वि० स०,
तारांकित-628, श्री रबीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०,
तारांकित-629, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी, स० वि० स०,
तारांकित-630, श्री राजकिशोर महतो, स० वि० स०,
तारांकित-631, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,
तारांकित-632, श्रीमती गंगोत्री कुजूर , स० वि० स०।

(ii) अपृष्ठ मात्र-01 तारांकित-625, श्री ताला मराण्डी, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-26- तारांकित-633 से तारांकित-661 तक।

क्र० पृ० उ०

## 2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयी -

श्री जगरनाथ महतो,
श्री राजकुमार यादव,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री जय प्रकाश सिंह भोगता,
श्री दशरथ गागराई,
श्री निरल पूरती,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री आलमगीर आलम,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री बादल,
श्रीमती सीता सोरेन,
श्री कुणाल षडंगी,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री राधाकृष्ण किशोर,
श्री रबीन्द्रनाथ महतो,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
श्री शिवशंकर उरांव,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री बिदेश सिंह।

## 3.सूचनाओं का दिया जाना:-

i- राज्य में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से लिये जा रहे शिक्षण शुल्क, पुनर्नामांकन शुल्क एवं चिह्नित दुकानों से ही पाठ्य-पुस्तकें खरीदवाये जाने की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने आकृष्ट किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने भी किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री ईरफान अंसारी ने व्यापक लोकहित में रिम्स में पूर्णरुपेण दन्त चिकित्सा सेवा शीघ्र बहाल किये जाने हेतु आग्रह किया,

iii- रामनवमी पूजा के दौरान गिरिडीह में भी शांति बहाल रखे जाने की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री राजकुमार यादव द्वारा आकृष्ट किया गया,

iv- कांके विधान सभा अन्तर्गत दुष्कर्म के उपरांत हत्या किये जाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु माननीय सदस्य, डॉ० जीतू चरण राम ने आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

क्र·पृ·उ·

v- माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी ने अपने विधान सभा क्षेत्र स्थित धालभूमगढ़ के कोकपाड़ा स्थित माँ तारा इस्पात प्राईवेट लिमिटेड फैक्ट्री में चार मजदूरों के झुलस जाने तथा वहाँ हो रहे **Labour Act** के उल्लंघन किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

vi- सदन में आसन द्वारा हुए नियमन के बावजूद भी उनके विधान सभा क्षेत्र के आरोपित कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता) के विरूद्ध कार्रवाई प्रारम्भ नहीं किये जाने की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी द्वारा आकृष्ट किया गया,

vii- तोरपा विधान सभा क्षेत्र में बालू उठाव में भेदभाव किये जाने की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री पौलुस सुरीन ने आकृष्ट किया,

viii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने **NIMBS** निदेशक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए जाँच की माँग की जिसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिया गया। माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर ने इसे दो राज्यों का मामला बताते हुए माननीय मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक के बीच सार्थक वार्ता किये जाने हेतु आग्रह किया,

ix- जमशेदपुर में पुनः स्वाईन फ्लू से दो व्यक्तियों की हुई मौत की ओर आसन का ध्यान माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा आकृष्ट किया गया।

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्यः-

i- श्री रबीन्द्रनाथ महतो एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

ii- श्री दशरथ गागराई एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

iii- श्री नवीन जयसवाल एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

iv- श्री जय प्रकाश वर्मा एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

v- श्री ईरफान अंसारी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

## 5.सभा मेज पर कागजात का रखा जानाः-

i- कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा "भारत के संविधान की धारा-323(2) में किये गये प्रावधान के अधीन झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2013-14 (अवधि-01.04.2013 से 31.03.2014) का वार्षिक प्रतिवेदन" की एक प्रति सभा मेज पर रखी गयी,

ii- कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा "झारखण्ड पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग अधिनियम-2002 की धारा-14 में निहित शक्तियों के अधीन पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, राँची से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2013-14 (अवधि-01.04.2013 से 31.03.2014) के वार्षिक प्रतिवेदन" की एक प्रति सभा मेज पर रखी गयी।

क्र०पृ०उ०

## 6.वित्तीय कार्य:-

श्री सरयू राय, प्रभारी मंत्री द्वारा **''मंत्रमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग''** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**अन्तराल के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 7.वित्तीय कार्य (क्रमांक-6 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री राधाकृष्ण किशोर,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री बिरंची नारायण,
श्री योगेन्द्र प्रसाद,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री आलमगीर आलम,
श्री जय प्रकाश सिंह भोगता,
श्री कुणाल षडंगी,
श्रीमती विमला प्रधान।

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तत्पश्चात् **''मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग''** की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई। अनुदान में सम्मिलित शेष मांगें गिलोटिन (मुखबन्द) से स्वीकृत हुई तदुपरांत सभा की कार्यवाही दिनांक-25 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 24 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।